# शंकर उनका नाम है | By Vandy Kaur

इस दुनिया में नाम जिनका कालो के महाकाल है
वैसे तो भोले हैं लेकिन रूप बड़ा विकराल है
कौन बिगाड़े काम हमारे साथ मेरे भगवान् है
मेरे पीछे खड़ा है जो शिव शंकर उनका नाम है

महाकाल के भक्त हैं हम तो भोले का गुणगान करें
नमः शिवाय नमः शिवाय मुख से सब सुबह शाम करें
मस्तक पर है चाँद विराजे और मन में बसते राम हैं
मेरे पीछे खड़ा है जो शिव शंकर उनका नाम है

अपना तो बस एक सहारा ना दुनिया से लेना है
जिसने स्वांस दिए हैं तन में प्राण भी उनको देना है
कोई नहीं जब साथ है देता तब शिव ही आते काम हैं
मेरे पीछे खड़ा है जो शिव शंकर उनका नाम है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%89%e0%a4%a8%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-vandy-kaur/